आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 20.09.2025** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा–विदेशों पर निर्भरता भारत के सबसे बड़े दुश्मनों में से एक।
- मुख्यमंत्री ने की अशोकनगर में कई विकास कार्यो की घोषणा।
- फिल्म अभिनेता मोहनलाल को मिलेगा 2023 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार।
- भोपाल, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में आज हुई बारिश, मौसम विभाग ने 3 जिलों के लिए किया यलो अलर्ट जारी।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

## प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आह्वान करते हुए कहा कि विदेशों पर भारत की निर्भरता उसके सबसे बड़े दुश्मनों में से एक है। प्रधानमंत्री आज गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भारत को एक समुद्री महाशक्ति बनाने के अपनी सरकार के दृष्टिकोण के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक वैश्विक समुद्री व्यापार में अपनी हिस्सेदारी को तीन गुना करना है।

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 7 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कई प्रमुख समुद्री परियोजनाओं के साथ मुंबई अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का भी उद्घाटन किया।

## सेवा पर्व - सार्वभौमिक स्वास्थ्य

सेवा और सुशासन से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए लेकर आ रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत किया है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की पहुंच लोगों तक सुनिश्चित की है।

## मुरैना ऊर्जा

प्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। मुरैना में विकसित हो रही प्रदेश की पहली 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना में 2 रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट की सबसे कम टैरिफ दर प्राप्त हुई है। यह देश की पहली परियोजना है, जिसमें 3 रुपये प्रति यूनिट से कम पर फर्म और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी उपलब्ध होगी। यह परियोजना 95 प्रतिशत वार्षिक उपलब्धता के साथ भारत की पहली 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना बन गई है। अब तक देशभर की परियोजनाओं में केवल 50% पीक ऑवर्स उपलब्धता और 85% वार्षिक उपलब्धता सुनिश्चित हो पाती थी। मुरैना परियोजना इस ट्रेंड को बदलते हुए पीएम ऑवर्स में 95% आपूर्ति के नए मानक स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना से पूरे देश में ग्रीन ऊर्जा उत्पादन और स्टोरेज की नई राह खुलेगी।

## सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 17 सितंबर से प्रदेश में सेवा पखवाड़ा आरंभ किया गया है। साथ ही आमजन को जीएसटी रिफॉर्म्स के लाभ दिलाने तथा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जन-जन को स्वदेशी अभियान में शामिल करने के उद्देश्य से भी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान', 'एक बगिया मां के नाम' और 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत पौधरोपण, नमो पार्क तथा नमो उपवन विकसित करने, विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, जनसामान्य

को स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प सामग्री खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने जैसी गतिविधियां जनभागीदारी से संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री अशोकनगर

प्रदेश में जहां भी भगवान कृष्ण के पद पड़े हैं वहां सरकार तीर्थ का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अशोकनगर जिले के मुंगावली के ग्राम रुसल्ला में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें अशोकनगर का चंदेरी भी शामिल है। उन्होंने यहाँ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने ग्राम रुसल्ला में हाई स्कूल को उन्नयन करने और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए।

**मोहनलाल-दादासाहेब फाल्के**

महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दादासाहेब फाल्के पुरस्कार चयन समिति की अनुशंसा पर सरकार ने भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए मलयालम अभिनेता को यह पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श मोहनलाल को इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी।

**उपभोक्ता-जीएसटी हेल्पलाइन**

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता मामले, खाद्‌य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सोमवार से प्रभावी संशोधित जीएसटी दरों और छूटों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र-आईएनजीआरएम पोर्टल पर शुरू किया गया है।

## मौसम

प्रदेश में अब हल्की बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आज बड़वानी अलीराजपुर और धार जिलों के लिए भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। आज सुबह से ही भोपाल, नर्मदापुरम,सीहोर, गुना,डिण्डोरी सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई। भोपाल में कोलार और कलियासोत के दो-दो गेट और भदभदा बांध का एक गेट खोला गया है। प्रदेश में अब तक 43 दशमलव 5 इंच बारिश हो चुकी है जो सामान्य से अधिक है। गुना में सबसे ज्यादा 65 इंच और खरगोन में सबसे कम दो इंच बारिश हुई है।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नवरात्रि मेला के दौरान पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेन का मैहर स्टेशन पर सोमवार से 6 अक्टूबर तक अस्थाई रूप से ठहराव होगा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल संस्कृति वर्मा को उपचार के लिये आज एयरलिफ्ट कर इंदौर से मुंबई के बॉम्बे हॉस्पिटल भेजा गया।
- छिंदवाड़ा में धार्मिक यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की कार का टायर फटने से वह सड़क किनारे बने गहरे कुएं में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। कार में सात लोग सवार थे।
- संस्कृति विभाग नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के देवीय स्थलों पर शक्ति पर्व का आयोजन करने जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।
- भोपाल एम्स में डॉक्टरों की टीम ने **ASD** पीड़ित के पैरों की नसों के रास्ते दिल तक पहुंच छेद को हाइब्रिड कवर स्टेंट से बंद किया है। यह प्रोसीजर प्रदेश में पहली बार एम्स में किया गया है।
- जबलपुर, शहडोल, शिवपुरी जिलों में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।